**The Speaker made reference to the passing away of H.E. Dr. Hage G. Geingob, President of the Republic of Namibia**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को नामीबिया गणराज्य के राष्ट्रपति, महामहिम डॉ. हागे जी. गाईन्गौब के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है । डॉ. हागे जी. गाईन्गौब नामीबिया के स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता और वहां की संविधान सभा के अध्यक्ष थे तथा वे स्वतंत्र नामीबिया के पहले प्रधान मंत्री और देश के तीसरे राष्ट्रपति थे । उन्होंने अपना पूरा जीवन अपने देशवासियों के कल्याण एवं अपने देश के विकास के लिए समर्पित कर दिया । राष्ट्रपति डॉ. हागे जी. गाईन्गौब भारत के मित्र थे । वर्ष 1995 में तथा वर्ष 2015 में उन्होंने भारत की यात्रा भी की थी । सितम्बर, 2022 में नामीबिया के 8 चीतों को भारत में स्थानांतरित करने के प्रोजेक्ट में राष्ट्रपति डॉ. हागे जी. गाईन्गौब की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही । उनका देहांत दिनांक 4 फरवरी, 2024 को नामीबिया की राजधानी विंडहोक में 82 वर्ष की उम्र में हुआ ।

यह सभा नामीबिया के राष्ट्रपति डॉ. हागे जी. गाईन्गौब के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है, दिवंगत नेता के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है तथा नामीबिया की सरकार और वहां के नागरिकों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करती है ।

अब सभा दिवंगत नेता के सम्मान में थोड़ी देर मौन रहेगी ।

**<u>11.02 hrs</u>**

*The Members then stood in silence for a short while.*

---